हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार, 26 फरवरी 2025

11 नशा मुक्ति केंद्र में कैंप लगाकर करें जागरूक : एडीसी



12 नेशनल कैम्प में जीतकर लौटे मताना के विद्यार्थियों का...



## खबर संक्षेप

### डीडीपीओ ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

**फतेहाबाद।** जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी अनूप सिंह ने मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनी। शिविर में कुल तीन शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से एक का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि शेष दो शिकायतों के समाधान हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार, प्रत्येक कार्यदिवस पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक उपमंडल और जिला स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

### रतिया के ललित को रक्षा मंत्री ने किया सम्मानित

**रतिया।** शहर के शक्तिनगर निवासी सचिन ललित के पुत्र भव्य ललित को आईआईटी मण्डी में टॉप स्थान हासिल करने पर रक्षा मन्त्री राजनाथ सिंह द्वारा एकेडमीक एक्सीलेन्ट अवार्ड देकर सम्मानित किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आईआईटी मण्डी के 16वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के तहत शिरकत करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने भव्य ललित को अपना आशीर्वाद भी दिया। इस अवसर पर लेफ्टीनेट जनरल के जेएस ढिल्लो, जय राम ठाकुर पूर्व मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश, गोकुल भूटेल मुख्य सलाहकार मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश आदि मौजूद रहे।

### 4,920 रुपयों की जुआराशि सहित 7 गिरफ्तार

**कालांवाली।** रोड़ी थाना पुलिस ने गश्त के दौरान गांव अलीकां क्षेत्र में सार्वजनिक जगह पर जुआ खेल रहे 7 लोगों को 4920 रुपयों की जुआ राशि व ताश सहित काबू किया है। रोड़ी थाना प्रभारी महिला उप निरीक्षक राजबाला ने बताया रोड़ी थाना की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव अलीकां क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी को महत्वपूर्ण सूचना मिली की गांव में कुछ लोगों द्वारा सार्वजनिक जगह पर बड़े स्तर पर जुआ खेला जा रहा है।

### पुलिस ने हेरोइन सहित युवक को दबोचा

**डबवाली।** सिंहपुरा चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान गांव पक्का शहीदा से एक युवक को 7.84 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। सिंहपुरा चौकी पुलिस प्रभारी चंदन सिंह ने बताया कि एएसआई सतपाल पुलिस टीम के साथ गश्त के दौरान गांव पक्का शहीदा से कमाल रोड खेल स्टेडियम की ओर जा रहे थे। इसी दौरान गली में स्टेडियम की ओर से एक युवक पैदल आता दिखाई दिया। उक्त युवक सामने पुलिस पार्टी को देखकर एकदम से पीछे मुडक़र तेज कदमों से खिसकने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर युवक को काबू कर उसकी तलाशी ली।

## शोर कर रहे कार्यकर्ताओं को करवाया चुप, रेलवे अधिकारियों से मांगी रिपोर्ट

# पहली बार फतेहाबाद में दिशा की बैठक लेने पहुंची सांसद सैलजा

### हाईवे अधिकारियों को माजरा कट तथा दौलतपुर-हिजरावां रोड पर अंडरपास निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सिरसा लोकसभा क्षेत्र से सांसद कुमारी सैलजा मंगलवार को फतेहाबाद में पहली बार जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक लेने पहुंची। सैलजा ने लघु सचिवालय के सभागार में बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें केंद्र और राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं की समीक्षा की गई। इस बैठक में सांसद ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने विभागों की प्रगति रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत करें और आगामी बैठक में खंड व विधानसभा क्षेत्रवार रिपोर्ट तैयार करके लाएं। इससे पहले हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्य स्तरीय दिशा समिति की बैठक में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की थी, जिसमें उपायुक्त मनदीप कौर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया था।



**फतेहाबाद।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति बैठक की अध्यक्षता करती सांसद कुमारी सैलजा। फोटो : हरिभूमि

### सांसद ने की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

बैठक में सांसद ने नेशनल हाइवे, रेलवे, परिवहन, उज्ज्वला योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल, मनरेगा, पीएम ग्राम सडक़ योजना, पीएम कृषि सिंचाई योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, पीएम आवास योजना, पीएम स्वच्छता योजना, रू-अर्बन, एनएचएम, सर्व शिक्षा अभियान, मिड डे मील, पीएम मातृत्व वंदना योजना, पीएम ग्राम ज्योति योजना सहित केंद्र सरकार की प्रायोजित कार्यक्रमों की समीक्षा की और लक्ष्य निर्धारित योजना को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। सांसद ने रेलवे अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे इस बजट में फतेहाबाद जिले के लिए हुई घोषणाओं की विस्तृत रिपोर्ट अगली बैठक में प्रस्तुत करें। हाईवे अधिकारियों को माजरा के कट तथा दौलतपुर-हिजरावां रोड पर अंडरपास निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने नेशनल हाईवे अधिकारियों से कहा कि वे टोल प्लाजा पर आपातकालीन क्रॉसिंग को बेहतर बनाए। आपातकालीन वाहनों को नियमानुसार क्रॉस करने में किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना ना करना पड़े। इसके लिए सिस्टम को सुधारा जाए और यातायात को सुगम करे। सांसद ने अधिकारियों से कहा कि वे यह सुनिश्चित करें कि सरकार की योजनाओं का लाभ वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंचे।

### डीसी ने कहा : लाभार्थी तक पहुंचाया जा रहा योजनाओं का लाभ

उपायुक्त मनदीप कौर ने सांसद को अवगत कराया कि जिला में केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लाभार्थी तक पहुंचाया जा रहा है। विकास कार्य गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध तरीके से करवाए जा रहे हैं। जिन विकास योजनाओं पर निर्माण चल रहा है, उन्हें तयसमय में पूरा किया जाएगा। विभागों की सेवाएं नागरिकों को समय पर उपलब्ध करवाई जा रही है। सरकार के दिशा निर्देशानुसार जिला में योजनाएं धरातल पर लागू हो रही है। उन्होंने कहा कि इस बैठक का उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन और निगरानी को सुनिश्चित करना है, ताकि विकास कार्यों में तेजी लाई जा सके और जनता को अधिकतम लाभ प्रदान किया जा सके।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर टोहाना के विधायक परमवीर सिंह, फतेहाबाद के विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया, उपायुक्त मनदीप कौर, एसडीएम राजेश कुमार, प्रतीक हुड्डा, सुरेश कुमार, डीएमसी संजय बिश्नोई, जिप सीईओ सुरेश कुमार, अधीक्षण अभियंता ओपी बिश्नोई, एसएन राय, जसवंत सिंह, कार्यकारी अभियंता संदीप सहारण, संजीव मेहता, केसी कंबोज, देवेंद्र सिंह, डीडीपीओ अनूप सिंह, डीआरओ श्याम लाल, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

बैठक में सैलजा समर्थक दोनों विधायक टोहाना से परमवीर सिंह व फतेहाबाद से बलवान सिंह दौलतपुरिया तो पहुंचे लेकिन रतिया के विधायक जरनैल सिंह बैठक से नदारद रहे। जरनैल सिंह को हुड्डा समर्थन माना जाता है। लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हाल में पहुंची सांसद कुमारी सैलजा उस समय नाराज हो गई जबकि बैठक हॉल के बाहर कार्यकर्ता और शिकायतकर्ता शोर मचाने लगे। इससे परेशान सैलजा ने कार्यकर्ताओं व शिकायतकर्ताओं के बीच जाकर उन्हें सख्त लहजे में शोर न मचाने को कहा। इसी बीच एक बुजुर्ग ने शिकायत बताई तो उनसे भी सांसद ने कहा कि आप आराम से बोलोगे तो बुला लूंगी, लेकिन चिल्लाओगे तो नहीं बुलाऊंगी। बैठक में अंदर जाने के बाद भी कुमारी सैलजा ने सीट से उठकर गेट पर जाकर शिकायतकर्ताओं से एक-एक करके बुलाने पर ही अंदर आने के लिए कहा। इसके बाद सांसद ने मीडिया को भी बैठक से बाहर भिजवा दिया। फिर सांसद शैलजा ने अधिकारियों के साथ बैठकर केंद्र सरकार की योजनाओं की समीक्षा की।

## बैलेट पेपर से ही होंगे जिला बार एसो. के चुनाव, 28 को डाले जाएंगे वोट



**फतेहाबाद।** बार एसोसिएशन चुनावों बारे जानकारी देते चुनाव अधिकारी।

■ सचिव पद के लिए सफेद बैलेट पेपर होगा

**फतेहाबाद।** जिला बार एसोसिएशन के प्रधान व सचिव पद के 28 फरवरी को होने वाले चुनाव बैलेट पेपर से ही होंगे। इस बारे जानकारी देते हुए चुनाव अधिकारी राजेश गर्ग, चुनाव कमेटी के सदस्य आरएस चतरथ, कमलेश वशिष्ठ, पे्रम परमजीत कौर, राजेश गांधी व अनुज आनंद ने बताया कि प्रधान पद के लिए पीला बैलेट पेपर होगा जबकि सचिव पद के लिए सफेद बैलेट पेपर होगा। उन्होंने बताया कि चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि इस चुनाव में 636 वकील अपने मत का प्रयोग करेंगे। चुनाव को सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए पुलिस कप्तान को चिट्ठी लिखकर सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध करवाने बारे लिखा गया है। उल्लेखनीय है कि बार प्रधान के लिए तीन उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं जबकि सचिव पद के लिए दो उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। प्रधान पद के लिए एडवोकेट दिनेश गेरा, एडवोकेट सुभाष जांगू व एडवोकेट शशिबाला चुनाव लड़ रही है, वहीं सचिव पद के लिए एडवोकेट पुनीत भुटानी व एडवोकेट सुग्रिव गोदारा चुनाव मैदान में हैं।

## दीवारों पर पोस्टर लगाने वालों के खिलाफ नोटिस किए जारी

■ 2 दिन में पोस्टर न उतरे तो जुर्माना के साथ-साथ पुलिस में दर्ज करवाया जाएगा मामला

**रतिया।** शहर में निजी संस्थानो द्वारा शहर के चौक चौराहों व दीवारों पर फ्लेक्स बोर्ड और पोस्टर लगाने के मामले में नगर पालिका सख्त हो गया है। आज नगर पालिका के सचिव के निर्देशों पर सफाई निरीक्षक ने विभिन्न निजी संस्थानो को नोटिस जारी कर चेतावनी दी कि वह दो दिन के अंदर दीवारों पर लगे हुए अपने पोस्टर व फ्लेक्स उतार लें अन्यथा नगर पालिका द्वारा उनकी वीडियोग्राफी करवा कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और जुर्माने के साथ-साथ पुलिस में मामला भी दर्ज करवाया जाएगा। नगर पालिका के सफाई निरीक्षक ओंकार सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार के स्पष्ट निर्देश है कि कोई भी निजी संस्थान नगर पालिका के बिना मंजूरी और बिना फीस जमा करवाए, शहर में कहीं भी फ्लेक्स बोर्ड अथवा पोस्टर नहीं लगा सकता। नगर पालिका द्वारा फ्लेक्स बोर्ड लगाने के लिए एक दर्जन स्थान निर्धारित किए गए, जहां पर फीस भरकर ही फ्लेक्स लगाए जा सकते हैं।

## लोक निर्माण विभाग की सड़क पर गड्ढों से रोजाना हो रहे हादसे



**रतिया।** सडक़ पर गड्ढों को दिखाते हुए पार्षद गुरप्रीत सिंह हैप्पी।

■ पार्षद गुरप्रीत सिंह ने सड़क का जांचा , धरने की दी चेतावनी

**रतिया।** शहर के टोहाना रोड पर लोक निर्माण विभाग के की सडक़ पर गड्ढों के कारण रोज हादसे हो रहे हैं। इसको लेकर आज वार्ड नंबर 5 के पार्षद गुरप्रीत सिंह हैप्पी ने सड़क का निरीक्षण किया और लोक निर्माण विभाग से गड्ढों को ठीक करने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी है कि अगर 2 दिन में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने गड्ढे ठीक नहीं किया तो वह वार्ड वासियों के साथ लोक निर्माण विभाग व एसडीएम कार्यालय के सामने धरना शुरू कर देंगे। वार्ड नंबर 5 के पार्षद गुरप्रीत सिंह हैप्पी ने बताया कि टोहाना रोड पर चुंगी से लेकर भूना मोड तक लोक निर्माण विभाग की सड़क में सैंकड़ों गड्ढे पड़े हुए हैं, जिस कारण रतिया टोहाना रोड से गुजरने वाले वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनके वार्ड के अधिकतर लोगों को काम के सिलसिले में इस रोड से गुजरना पड़ता है। साथ की स्कूल के वाहन भी इस रोड से गुजरते हैं जिस कारण कभी भी हादसा हो सकता है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर 2 दिन में गड्ढों को ठीक नहीं किया गया तो वह लोक निर्माण विभाग के साथ-साथ एसडीएम कार्यालय के सामने भी धरना देने को मजबूर हो जाएंगे।

## होटल-ढाबों पर छापेमारी घरेलू सिलेंडरों का कमर्शियल उपयोग पकड़ा

**फतेहाबाद।** दुकानों व ढाबों पर घरेलू गैस सिलैण्डरों का कमर्शियल प्रयोग करने की मिल रही शिकायतें पर कार्रवाई करते हुए खाद्य आपूर्ति एवं नियंत्रण विभाग की टीम ने आज शहर के कई होटलों और ढाबों पर छापेमारी की। विभाग की इस कार्रवाई से होटल और ढाबा संचालकों में हडक़ंप मच गया। इस दौरान टीम ने घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध कमर्शियल उपयोग पर शिकंजा कसते हुए 15 से अधिक घरेलू सिलेंडर जब्त किए है। डीएफएससी विनीत जैन के निर्देशों पर की गई इस कार्रवाई में जवाहर चौक, डीएसपी रोड और हिसार रोड के विभिन्न होटलों और ढाबों पर छापेमारी की गई। हरिओम स्वीट से 11 घरेलू सिलेंडर, जबकि मुल्तानी ढाबा, जवाहर चौक से चार सिलेंडर बरामद किए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरेंद्र अहलावत ने बताया कि यह कार्रवाई घरेलू गैस सिलेंडरों के अनधिकृत उपयोग को रोकने के लिए की गई है। विभाग की टीम अन्य होटलों और ढाबों पर भी जांच अभियान जारी रखे हुए है। बता दें कि शहर के अधिकतर ढाबों के अलावा होटलों में भी कमर्शियल गैस की बजाय घरेलू गैस सिलैण्डरों का प्रयोग किया जा रहा है। इसके अलावा दूध डेयरियों पर भी घरेलू गैस सिलैण्डर धड़ल्ले से प्रयोग में लाए जा रहे हैं।

## लंबित जमाबंदियों एवं इंतकाल निपटाने को लेकर डीसी ने दिए निर्देश

# तहसीलदार व नायब तहसीलदार को बिना अनुमति स्टेशन न छोड़ने की हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला उपायुक्त मनदीप कौर ने मंगलवार को राजस्व विभाग के अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर लंबित जमाबंदियों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि इंतकाल संबंधी सभी कार्य नियमानुसार जल्द से जल्द निपटाए जाएं, ताकि आमजन को अनावश्यक विलंब का सामना न करना पड़े। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्र में लंबित कोर्ट केस की नियमित सुनवाई करें और समयबद्ध रूप से मामलों का निपटारा सुनिश्चित करें।



**फतेहाबाद।** राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक लेती उपायुक्त मनदीप कौर।

इसके अलावा उपायुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि तहसील स्तर पर रजिस्ट्री कार्य किसी भी स्थिति में बाधित नहीं होना चाहिए। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि इस संबंध में सख्त निगरानी रखें और किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त न किया जाए।

उन्होंने यह भी आदेश दिया कि किसी भी तहसीलदार और नायब तहसीलदार को बिना एसडीएम व उपायुक्त की पूर्व अनुमति के स्टेशन छोडऩे की अनुमति नहीं होगी। इस निर्देश का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि प्रशासनिक कार्यों में किसी प्रकार की रुकावट न आए। उपायुक्त ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि राजस्व मामलों में पारदर्शिता और तत्परता बनाए रखने के लिए समुचित कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि आम जनता को त्वरित और प्रभावी सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में एसडीएम राजेश कुमार, प्रतीक हुड्डा, सुरेश कुमार, डीआरओ श्याम लाल, नायब तहसीलदार अशोक कुमार, सोमेश वशिष्ठ, जसविंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



# सोना या शेयर... कहां पैसा लगाना ज्यादा फायदेमंद

- दोनों के 20 साल के रिटर्न से समझें पूरी रणनीति
- सोने की कीमतों में 2023-2025 में बढ़ोतरी जारी
- भू-राजनीतिक तनाव से कीमतें प्रभावित हुई
- सोने व सेंसेक्स ने पिछले 20 वर्षों में समान रिटर्न दिया

सोना रोज नए रिकॉर्ड बना रहा है। 2023 और 2024 में सोने की कीमतों में 13% और 27% की बढ़ोतरी देखी गई। 2025 में भी यह तेजी जारी है। अब तक इससे लगभग 10% का रिटर्न मिल चुका है। इस सोने की दौड़ के पीछे कई कारण हैं। इनमें बढ़ती महंगाई, भू-राजनीतिक अनिश्चितता और शेयर बाजार में गिरावट शामिल हैं। ऐतिहासिक रूप से सोने को इन जोखिमों से बचाव का सबसे अच्छा तरीका माना जाता रहा है।

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

वर्ष 2023 से सोने की कीमतों में तेज बढ़ोतरी देखी गई है, जो 2025 में भी जारी है। ये बढ़ोतरी भू-राजनीतिक तनावों, मुद्रास्फीति और शेयर बाजार की गिरावट के कारण हुई है। पिछले 20 वर्षों में सोना और सेंसेक्स ने समान रिटर्न दिया है, जिससे दोनों निवेशों की अहमियत स्पष्ट होती है। सोना रोज नए रिकॉर्ड बना रहा है। 2023 और 2024 में सोने की कीमतों में 13% और 27% की बढ़ोतरी देखी गई। 2025 में भी यह तेजी जारी है। अब तक इससे लगभग 10% का रिटर्न मिल चुका है। इस सोने की दौड़ के पीछे कई कारण हैं। इनमें बढ़ती महंगाई, भू-राजनीतिक अनिश्चितता और शेयर बाजार में गिरावट शामिल हैं। ऐतिहासिक रूप से सोने को इन जोखिमों से बचाव का सबसे अच्छा तरीका माना जाता रहा है।



### इस बात को भूल जाते हैं लोग

अंतराष्ट्रीय सोने की कीमत अमेरिकी डॉलर में होती है। डॉलर में किसी भी मजबूती का मतलब भारतीय रुपये में कमजोरी है। ऐतिहासिक रूप से रुपये ने डॉलर के मुकाबले मूल्य खोया है। इसलिए जब रुपया कमजोर होता है तो सोने का मूल्य बढ़ता है। यह सोने के भारतीय रुपये-मूल्यवर्ग के रिटर्न को बढ़ाता है। भारतीय निवेशकों के लिए सोने में अतिरिक्त रिटर्न (सालाना 2% और 3% के बीच) रुपये के अवमूल्यन से आया है।

**इसलिए डायवर्सिफिकेशन जरूरी :** सोना और स्टॉक अलग-अलग प्रकार के निवेश हैं, उन्होंने दो दशकों में समान रिटर्न प्रदान किया है। एक दूसरे से बेहतर हैं या नहीं यह बाजार की स्थितियों, जोखिम की भूख और निवेश लक्ष्यों पर निर्भर करता है। इक्विटी और बॉन्ड के साथ सोने में अच्छा निवेश कॉन्सेंट्रेशन रिस्क को कम करते हुए पोर्टफोलियो को स्थिरता प्रदान करता है। कुल मिलाकर आपके एसेट एलोकेशन के हिस्से के रूप में दोनों का सही अनुपात में होना जरूरी है।

### सोने में तेजी की वजह क्या

2020 के बाद भू-राजनीतिक तनाव ने सोने की कीमतों को हवा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दरों में कटौती के अलावा रूस-यूक्रेन युद्ध, इजरायल-हमास संघर्ष और चीन-ताइवान के बीच बढ़ते तनाव के चलते सोने की कीमतें बढ़ी हैं। इसके अलावा, डोनाल्ड ट्रंप के व्हाइट हाउस में वापसी से वैश्विक अनिश्चितता बढ़ गई है। ट्रंप की टैरिफ नीतियां व्यापार युद्ध शुरू कर सकती हैं। इसका वैश्विक मुद्राओं पर महत्वपूर्ण असर पड़ेगा। सोने का भाव देश में 89 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गया है। कुछ समय पहले बेंचमार्क इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स भी 25 सितंबर, 2024 को पहली बार 85,000 के स्तर को पार कर गया था। सेंसेक्स 27 सितंबर, 2024 को 85,978 के सर्वकालिक ऊंचे स्तर पर पहुंच गया था। यह 85,571 पर बंद हुआ था, जो अब तक का सबसे ऊंचा लेवल है। आइए देखते हैं कि पिछले 20 वर्षों में रिटर्न के मामले में दोनों में किसने बाजी मारी है।

### किसने मारी बाजी

2005 में सेंसेक्स 8,000 पर था। वहीं, सोना लगभग 7,000 रुपये प्रति 10 ग्राम था। 2025 में सोना और सेंसेक्स (29 सितंबर, 2024) दोनों 85,000 रुपये को पार कर गए। दोनों के बीच यह स्तर छूने में चार महीने का अंतर रहा। हालांकि, एक लॉन्ग-टर्म इन्वेस्टमेंट व्यू ऐसे अंतरों को दूर करता है। चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) फॉर्मूला का इस्तेमाल करते हुए दोनों एसेट्स ने पिछले 20 सालों में 12% से 13% का वार्षिक रिटर्न दिया है। क्या यह एक अद्भुत संयोग नहीं है? लेकिन एक बात है, जिसे लोग अक्सर भूल जाते हैं।




## एसबीआई जन निवेश की 250 रुपये वाली एसआईपी कितनी बेहतर होगी

- इस योजना में कितना मिलेगा रिटर्न, किस स्कीम में जाएंगे आपके पैसे
- निवेश करने से पहले इस स्कीम के पिछले आंकड़े जांचे

तैयारी
बिजनेस डेस्क

एसबीआई म्यूचुअल फंड ने हाल ही में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के साथ मिलकर जन निवेश एसआईपी लॉन्च की है, जिसके जरिये सिर्फ 250 रुपये की मंथली एसआईपी से निवेश की शुरूआत की जा सकती है। इसे म्यूचुअल फंड में निवेश को आम लोगों के बीच और पॉपुलर बनाने वाला कदम बताया जा रहा है। जो लोग इस जन निवेश एसआईपी के जरिये म्यूचुअल फंड में पैसे लगाना चाहते हैं, उनके मन में पहला सवाल होगा कि इसमें निवेश करने पर कितना रिटर्न मिलने की उम्मीद की जा सकती है। इस सवाल का जवाब जानने के लिए सबसे पहले तो यह मालूम होना चाहिए कि जननिवेश एसआईपी के जरिये जमा की जाने वाली हर रकम एसबीआई म्यूचुअल फंड की किस स्कीम में लगाई जाएगी। इसके बाद उस स्कीम के पिछले रिटर्न के आंकड़े यह अंदाजा लगाने में मदद करेंगे कि निवेश करने पर कितना रिटर्न मिलने की संभावना हो सकती है।

### बैलेंस्ड एडवांटेज फंड में जाएगी रकम

सबसे पहले बता दें कि जन निवेश एसआईपी से मिलने वाली सारी रकम एसबीआई बैलेंस्ड एडवांटेज फंड में निवेश की जाएगी, जो एसबीआई म्यूचुअल फंड की एक हाइब्रिड स्कीम है। जैसा कि नाम से जाहिर है, यह एक बैलेंस्ड एडवांटेज फंड है, जिसे हाइब्रिड म्यूचुअल फंड की कैटेगरी में रखा जाता है। डायनैमिक एसेट एलोकेशन फंड भी बैलेंस्ड एडवांटेज फंड का ही दूसरा नाम है।

### बैलेंस्ड एडवांटेज फंड की क्या है खूबी

बैलेंस्ड एडवांटेज फंड या डायनैमिक एसेट एलोकेशन फंड की सबसे बड़ी खूबी यह है कि इसके जरिये निवेशकों के पैसों को बाजार की परिस्थितियों के हिसाब से इक्विटी और डेट में डायनैमिक ढंग से इनवेस्ट किया जाता है। सेबी के नियमों के तहत बैलेंस्ड एडवांटेज फंड के पोर्टफोलियो में इक्विटी और डेट दोनों की हिस्सेदारी 0 से 100 फीसदी तक कुछ भी हो सकती है। किस वक्त किस एसेट क्लास में कितने पैसे लगाने हैं, यह फैसला पूरी तरह फंड मैनेजर की समझदारी से किया जाता है. अगर मैनेजर को लगता है कि इक्विटी में रिटर्न गिरने वाला है, तो वह फंड को इक्विटी से डेट की तरफ ट्रांसफर कर सकता है और अगर शेयर बाजार में बेहतर रिटर्न की गुंजाइश नजर आती है, तो वह इक्विटी में फंड एलोकेशन बढ़ा सकता है। यानी इस हाइब्रिड फंड में पैसे लगाने पर निवेशकों को इक्विटी और डेट दोनों में निवेश का फायदा मिलने की उम्मीद रहती है। यही वजह है कि इसे संतुलित रिटर्न देने वाली स्कीम माना जाता है।

## एसबीआई बैलेंस्ड एडवांटेज फंड का लंपसम रिटर्न

- 1 साल का रिटर्न : 9.9%
- 3 साल का औसत सालाना रिटर्न : 12.69%
- लॉन्च से अब तक का औसत सालाना रिटर्न : 11.63%

### ऐसा है फंड

एसबीआई बैलेंस्ड एडवांटेज फंड का बेंचमार्क निफ्टी-50 हाइब्रिड कंपोजिट डेबट 50:50 इंडेक्स है, जिसका 1 साल का रिटर्न 9.23%, 3 साल का 9.48% और लॉन्च से अब तक रिटर्न 8.67% रहा है. रिटर्न के ये आंकड़े एसबीआई म्यूचुअल फंड की वेबसाइट से लिए गए हैं। 31 जनवरी 2025 को स्कीम का एक्सपेंस रेशियो रेगुलर प्लान के लिए 1.57% और डायरेक्ट प्लान के लिए 0.69% था. एसबीआई म्यूचुअल फंड की इस स्कीम का एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) 18 फरवरी 2025 तक अपडेटेड आंकड़ों के मुताबिक 32,953.27 करोड़ रुपये था।

### एसबीआई बैलेंस्ड एडवांटेज फंड का एसआईपी रिटर्न

- 1 साल का एसबीआई रिटर्न (एन्युलाइज्ड) : 0.99% (रेगुलर प्लान), 1.92% (डायरेक्ट प्लान)
- 3 साल का एसबीआई रिटर्न (एन्युलाइज्ड): 12.55% (रेगुलर प्लान), 13.6% (डायरेक्ट प्लान)

### ऐसे कर सकते हैं निवेश

जननिवेश स्कीम को लॉन्च किए जाने से पहले एसबीआई बैलेंस्ड एडवांटेज फंड में मिनिमम एसआईपी अमाउंट 500 रुपये था, लेकिन अब नई पहल के तहत इसमें मिनिमम 250 रुपये की एसआईपी से भी निवेश की शुरुआत की जा सकती है। नई पहल के तहत एसबीआई म्यूचुअल फंड की इस स्कीम में एसबीआई योनो ऐप के अलावा पेटीएम, जिरोधा और ग्रो जैसे डिजिटल फिनटेक प्लेटफॉर्म के जरिये भी निवेश किया जा सकता है। इससे इनवेस्टर अपने मोबाइल से ही एसबीआई की शुरुआत कर पाएंगे।

### पिछला रिटर्न भविष्य की गारंटी नहीं

एसबीआई बैलेंस्ड एडवांटेज फंड के पिछले रिटर्न के आंकड़े देखकर आप इस स्कीम के अब तक के प्रदर्शन का अंदाजा लगा सकते हैं. लेकिन म्यूचुअल फंड्स में पिछले प्रदर्शन के भविष्य में भी जारी रहने की कोई गारंटी नहीं होती। फिर भी पिछले प्रदर्शन के आधार पर फंड मैनेजमेंट के बारे में कुछ अनुमान तो लगाया ही जा सकता है। इक्विटी में बड़े एक्सपोजर की गुंजाइश वाले एसबीआई बैलेंस्ड एडवांटेज फंड को रिस्कोमीटर पर हाई रिस्क वाला माना गया है।

# एसआईपी से जुड़े सात सवाल जवाब में छिपी फायदे की बात

- एसआईपी के जरिये किए गए निवेश से पूरा फायदा मिलेगा
- आप निवेश की इस रणनीति पर सही ढंग से अमल कर पाएंगे
- रिटेल इनवेस्टर बड़े पैमाने पर एसआईपी के जरिये करते हैं निवेश, इसमें नुकसान का कम रहता है जोखिम
- थोड़े-थोड़े करके पैसे डालने पर टाइमिंग से जुड़ा रिस्क कम

जानकारी
बिजनेस डेस्क

सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी), म्यूचुअल फंड में निवेश करने का एक पॉपुलर तरीका है। रिटेल इनवेस्टर बड़े पैमाने पर एसआईपी के जरिये म्यूचुअल फंड्स में पैसे लगाते हैं, लेकिन क्या ज्यादातर निवेशक एसआईपी के जरिये निवेश की रणनीति को ठीक से समझते हैं? पिछले दिनों शेयर बाजार में गिरावट के दौरान अधिकांश फंड्स के एसआईपी रिटर्न भी घटे। उस पर निवेशकों के बीच जिस तरह से घबराहट देखने को मिली और लोग एसआईपी को कटघरे में खड़ा करने लगे, उसे देखकर तो यही लगता है कि इस बारे में और अधिक समझदारी बनाने की जरूरत है। अगर रिटेल निवेशकों को एसआईपी के जरिये निवेश का पूरा फायदा उठाना है, तो उनके लिए निवेश के इस तरीके को सही संदर्भ में समझना और उससे जुड़ी गलतफहमियों को दूर करना जरूरी है।

### एसआईपी क्या एक अलग इनवेस्टमेंट प्रोडक्ट है

बहुत सारे इनवेस्टर एसआईपी को एक अलग इनवेस्टमेंट प्रोडक्ट समझ लेते हैं. जबकि सच ये है कि एसआईपी कोई अलग इनवेस्टमेंट प्रोडक्ट नहीं है। दरअसल, सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान किसी भी म्यूचुअल फंड में डिसिप्लिन के साथ रेगुलर इनवेस्टमेंट करने का एक तरीका है। ऐसा तरीका, जो निवेश करने की प्रक्रिया को आम निवेशकों के लिए आसान और सुविधाजनक बना देता है। साथ ही इसके जरिये रेगुलर इनवेस्टमेंट का डिसिप्लीन यानी अनुशासन भी मेंटेन किया जा सकता है। एसआईपी का मतलब है, आपके चुने हुए इनवेस्टमेंट प्रोडक्ट यानी म्यूचुअल फंड स्कीम में, पहले से तय अंतर पर (मसलन, हर महीने या 3 महीने में) एक निश्चित रकम निवेश करना यानी इसमें एक फिक्स्ड रकम, पहले से तय फ्रीक्वेंसी के हिसाब से आपके चुने हुए म्यूचुअल फंड में निवेश कर दी जाती है। यानी असल में आपका फंड या चुनी हुई स्कीम ही इनवेस्टमेंट प्रोडक्ट है, जबकि एसआईपी तो सिर्फ उसमें पैसे लगाने का एक सुविधाजनक और बेहतर तरीका है।

### एसआईपी क्या एक अलग एसेट क्लास

नहीं। एसआईपी कोई अलग एसेट क्लास नहीं है, लेकिन एसआईपी के जरिये आप अलग-अलग एसेट क्लास में निवेश करने वाले फंड्स में पैसे जरूर लगा सकते हैं। मिसाल के तौर पर अगर आप गोल्ड फंड में एसआईपी करते हैं, तो आपके पैसे उस फंड के जरिये गोल्ड में निवेश होते हैं। यानी एसआईपी कोई अलग एसेट क्लास नहीं, बल्कि इनवेस्टमेंट का तरीका है। कुछ-कुछ वैसे ही, जैसे पोस्ट ऑफिस या बैंक में आप रिकरिंग डिपॉजिट के जरिये पैसे जमा करते हैं।

### एसआईपी से तय होता है कम या ज्यादा रिटर्न

एसआईपी के जरिये किए जाने वाले निवेश पर आपको कितना रिटर्न मिलेगा, यह उस फंड के परफॉर्मेंस से तय होता है, जिसमें आप पैसे डाल रहे हैं। एसआईपी को निवेश का बेहतर तरीका इसलिए माना जाता है, क्योंकि इसमें निवेश की टाइमिंग का टेंशन नहीं रहता है। यानी एक साथ पूरे पैसे लगाने की तुलना में एसआईपी के जरिये थोड़े-थोड़े करके पैसे डालने पर इनवेस्टमेंट की टाइमिंग से जुड़ा रिस्क कम हो जाता है। इसका फायदा लंबे अरसे में मिलता है. लेकिन ऐसा नहीं कहा जा सकता कि एसआईपी के जरिये निवेश करने पर मिलने वाला रिटर्न लंपसम यानी एकमुश्त निवेश के रिटर्न से हमेशा ज्यादा या कम ही होगा। इसकी वजह ये है कि लंपसम इनवेस्टमेंट का रिटर्न किसी हद तक निवेश की टाइमिंग पर भी निर्भर रहता है। एसआईपी के जरिये म्यूचुअल फंड में पैसे लगाने पर रिटर्न की कोई गारंटी भी नहीं होती। इसका रिटर्न पूरी तरह उस म्यूचुअल फंड स्कीम के प्रदर्शन पर निर्भर है, जिसे आपने सेलेक्ट किया है।

### एसआईपी क्या सिर्फ छोटे निवेशकों के लिए

एसआईपी की बड़ी खूबी है कि आप इसके माध्यम से हर महीने सिर्फ 500 रुपये या उससे भी छोटी रकम से भी निवेश की शुरुआत कर सकते हैं, लेकिन ऐसा नहीं कि एसआईपी सिर्फ छोटे निवेशकों के लिए है। सच तो यह है कि एसआईपी में इनवेस्टमेंट की कोई अपर लिमिट यानी ऊपरी सीमा नहीं होती। इसलिए बड़ी पूंजी लगाने वाले हाई नेटवर्थ निवेशक भी एसआईपी के जरिये निवेश करते हैं। उनकी एसआईपी में दिलचस्पी इसलिए रहती है, क्योंकि इसके जरिये पैसे लगाने पर बाजार के उतार-चढ़ाव से फायदा होता है। मार्केट चढ़ने पर एसआईपी की रकम में कम यूनिट्स मिलती हैं, लेकिन जब बाजार गिरता है, तो एसआईपी के उसी फिक्स अमाउंट में ज्यादा यूनिट्स मिल जाती हैं। इस तरह लंबे अरसे के दौरान निवेश की एवरेज प्रति यूनिट कॉस्ट कम हो जाती है। इसी को रुपी-कॉस्ट एवरेजिंग कहा जाता है, जो एसआईपी की सबसे बड़ी खूबी है।



### एसआईपी क्या सिर्फ इक्विटी फंड्स के लिए

ऐसा सोचना सही नहीं है कि एसआईपी के जरिये सिर्फ इक्विटी फंड्स में ही निवेश किया जा सकता है। एसआईपी का इस्तेमाल आप डेट फंड्स या हाइब्रिड फंड्स से लेकर गोल्ड फंड तक, किसी भी म्यूचुअल फंड स्कीम में पैसे लगाने के लिए कर सकते हैं। डेट फंड्स में एसआईपी के जरिये इनवेस्ट करना, कुछ-कुछ वैसा ही है, जैसे बैंक या पोस्ट ऑफिस के रिकरिंग डिपॉजिट (आरडी) में पैसे लगाना। डेट फंड्स में आमतौर पर इक्विटी फंड्स के मुकाबले ज्यादा स्टेबल रिटर्न मिलते हैं। इसलिए डेट फंड में एसआईपी करना उन निवेशकों के लिए बेहतर रहता है, जो ज्यादा रिस्क नहीं लेना चाहते या जो शॉर्ट टर्म के लिए निवेश करना चाहते हैं।

### एसआईपी के साथ क्या हमेशा लॉक इन पीरियड जुड़ा होता

टैक्स सेविंग इक्विटी लिंक्ड सेविंग्स स्कीम्स (ईएलएसएस) में किए गए निवेश पर 3 साल का लॉक-इन पीरियड लागू होता है, जबकि रिटायरमेंट फंड्स और चिल्ड्रेंस फंड्स में 5 साल का लॉक-इन होता है। यह लॉक-इन इन स्कीम्स में एसआईपी के जरिये निवेश करने पर भी लागू रहता है, लेकिन बाकी ज्यादातर ओपन-एंडेड म्यूचुअल फंड्स में आप अपने निवेश को कभी भी निकाल सकते हैं, अगर आप एसआईपी शुरू करने के बाद किसी वजह से उसे बीच में रोकना यानी पॉज करना चाहते हैं, तो आप यह काम भी बड़ी आसानी से कर सकते हैं। इसके लिए आपको कोई एक्सट्रा फीस भी नहीं देनी पड़ती है। आप अपनी जरूरत के हिसाब से कुछ यूनिट्स भी बेच सकते हैं। ऐसा करते समय एग्जिट लोड और मुनाफे पर लागू टैक्स की जानकारी जरूर कर लेनी चाहिए। एग्जिट लोड यूनिट्स के होल्डिंग पीरियड के हिसाब से अलग-अलग लगता है।

### एसआईपी का 1 साल का रिटर्न देखकर राय बनाना कितना सही

एसआईपी के जरिये किए गए निवेश पर सिर्फ 6 महीने या 1 साल का रिटर्न देखकर राय बनाना सही नहीं है। इक्विटी फंड्स की एसआईपी के मामले में यह बात समझना और भी जरूरी है। दरअसल, इक्विटी फंड्स में एसआईपी करने वालों को हमेशा यही सलाह दी जाती है कि उन्हें 5 साल या उससे भी ज्यादा समय के लिए एसआईपी करने पर फोकस करना चाहिए, क्योंकि इनवेस्टमेंट पर एवरेजिंग और कंपाउंडिंग का पूरा फायदा लेने के लिए ऐसा करना बेहतर रहता है। हालांकि अपने निवेश के उद्देश्य और इनवेस्टमेंट होराइजन के हिसाब से आप कम समय के लिए भी एसआईपी कर सकते हैं.लेकिन उसके लिए सही स्कीम या फंड का सेलेक्शन जरूरी है। उदाहरण के लिए अल्ट्रा शॉर्ट ड्यूरेशन या शॉर्ट ड्यूरेशन फंड जैसे डेट फंड को शॉर्ट टर्म एसआईपी के लिए बेहतर माना जाता है। लेकिन अगर आप स्मॉल कैप या मिड कैप जैसे किसी इक्विटी फंड में एसआईपी शुरू करने के बाद अगले 6 महीने या एक साल में शानदार रिटर्न की उम्मीद करने लगते हैं, तो जरूरी नहीं कि ऐसा हो।

# निवेश करने के तुरंत बाद मेरे निवेश में गिरावट क्यों हो जाती है शुरू



सुझाव
संदीप वालुंज

*निवेश करने के लिए सही समय की भविष्यवाणी करना लगभग असंभव है, इसके बजाय, निवेशित और सुसंगत रहने पर ध्यान केंद्रित करना सबसे बेहतर रहता है।*

कई बार यह देखने में आता है कि आप निवेश करें यानी बाजार में पैसा लगाएं और एकदम गिरावट शुरू हो जाए। यह निराशाजनक महसूस करता है जब म्यूचुअल फंड या स्टॉक आपके निवेश के तुरंत बाद गिरने लगते हैं। हालांकि यह दुर्भाग्य की तरह लग सकता है, कई परिहार्य कारक इसमें योगदान करते हैं। निवेशक व्यवहार का दलबार मात्रात्मक विश्लेषण (क्यूएआईबी) लगातार दिखाता है कि व्यक्तिगत निवेशक व्यापक बाजार से कम प्रदर्शन करते हैं। यह काफी हद तक है क्योंकि वे निवेश करने से पहले स्पष्ट संकेतों या सकारात्मक गति की प्रतीक्षा करते हैं, अक्सर गलती करने या लाभ से चूकने के डर से प्रेरित होते हैं। जब तक वे ₹निश्चित₹ महसूस करते हैं, तब तक बाजार पहले से ही वृद्धि में कीमत लगा चुका होता है, जिससे आगे तत्काल ऊपर की ओर बहुत कम गुंजाइश बचती है। इस प्रवृत्ति और निवेश के परिणामों पर इसके प्रभाव को व्यवहारिक वित्त अनुसंधान द्वारा उजागर किया गया है।

### झुंड मानसिकता

निवेशक अक्सर दूसरों का अनुसरण करते हैं जब वे बढ़ती कीमतों को देखते हैं, यह सोचकर कि यह सुरक्षा का संकेत है। इससे बाजार की चोटियों के समय बड़े पैमाने पर निवेश हो सकता है जब आशावाद उच्चतम होता है, जिससे बाद में करेक्शन की संभावना बढ़ जाती है।

### रीसेंसी बायस

लोग हाल के प्रदर्शन को अनुचित वजन देते हैं। जब कोई स्टॉक या फंड अच्छा प्रदर्शन कर रहा होता है, तो यह ₹सुरक्षित₹ निवेश की तरह लगता है; और लोग जोखिम रेटिंग को अनदेखा करते हैं। जोखिम से बचने वाले कई निवेशक स्मॉलकैप में तब निवेश करते देखे जाते हैं, जब वे काफी ऊपर चढ़ जाते हैं।

### नुकसान का डर (जोखिम से बचना)

निवेशक निवेश करने में संकोच करते हैं जब बाजार अनिश्चित या अस्थिर होते हैं, स्थिरता के संकेतों की प्रतीक्षा करते हैं। दुर्भाग्य से, जब तक वे कदम उठाने का सोचते हैं, तब तक विकास की संभावना का एक बड़ा हिस्सा पहले ही घटित हो चुका होता है।

### मार्केट टाइमिंग बायस

बाजार स्वाभाविक रूप से अस्थिर हैं, और अल्पकालिक उतार-चढ़ाव सामान्य हैं। यदि आप बाजार के शिखर के दौरान या मूल्यांकन अधिक होने पर निवेश करते हैं, तो एक करेक्शन का पालन किया जा सकता है, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि आपका निवेश गिरावट का कारण बना।

### मीन रिवर्सन

मोमेंटम अक्सर शॉर्ट टर्म में स्टॉक या फंड को चलाता है, लेकिन इसका मतलब है कि रिवर्सन (औसत प्रदर्शन पर लौटना) अक्सर मध्यम अवधि में किक करता है. गति का पीछा करने वाले निवेशक इस स्थिर रूप से सामान्य घटना को 'निवेश के तुरंत बाद अंडरपरफॉर्मेंस' कह सकते हैं

### दूसरों द्वारा लाभ लेना

जब स्टॉक बहुत तेजी से बढ़ते हैं, तो निवेशकों द्वारा लाभ लेने से गिरावट आ सकती है. उदाहरण के लिए, संस्थागत निवेशक अक्सर पोर्टफोलियो को पुनर्संतुलित करते हैं, ओवरवैल्यूड एसेट बेचते हैं और अंडरवैल्यूड खरीदते हैं. और चूंकि उनके पोर्टफोलियो बड़े हैं, इसलिए यह अक्सर गिरावट की ओर जाता है।



### इस घटना से कैसे बचें

- **फंडामेंटल के आधार पर इन्वेस्ट करें :** हाल के प्रदर्शन या रुझानों के बजाय किसी परिसंपत्ति के आंतरिक मूल्य पर ध्यान दें। वैल्यूएशन, अर्निंग ग्रोथ या सेक्टर आउटलुक जैसे मेट्रिक्स का इस्तेमाल करके म्यूचुअल फंड या स्टॉक्स का मूल्यांकन करें।
- **सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) का उपयोग करें :** एकमुश्त निवेश करने के बजाय, एसआईपी आपको समय-समय पर निवेश करने की सुविधा देता है, जिससे बाजार की अस्थिरता का प्रभाव कम होता है।

### अनुसंधान और विविधता

केवल पिछले प्रदर्शन पर भरोसा करने से बचें। इसके अलावा, एक क्षेत्र में खराब समय के प्रभाव को कम करने के लिए अपने निवेश को परिसंपत्ति वर्गों, क्षेत्रों और भौगोलिक क्षेत्रों में निवेश करे

### निवेश योजना पर टिके रहें

निवेश को अपने लक्ष्यों और जोखिम सहनशीलता के साथ संरेखित करें। अल्पकालिक परिवर्तनों के लिए भावनात्मक रूप से प्रतिक्रिया करने से बचें।

### 'टाइमिंग द मार्केट' के प्रलोभन से बचें

निवेश करने के लिए सही समय की भविष्यवाणी करना लगभग असंभव है। इसके बजाय, निवेशित और सुसंगत रहने पर ध्यान केंद्रित करें। समय के साथ, अनुशासित और सूचित निवेश आपको इन अल्पकालिक ₹डिप्स₹ से बाहर निकलने और अपने वित्तीय उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद करेगा। जैक बोगल के शब्दों को दोहराते हुए, मैं निवेशकों से यह कहते हुए अपनी बात समाप्त करूंगा: 'अस्थिरता आपका मित्र है, आवेग आपका शत्रु है'।

*(लेखक मोतीलाल ओसवाल फायनांशियल सर्विसेस लिमिटेड के ग्रुप चीफ मार्केटिंग ऑफिसर हैं।)*

## खबर संक्षेप



### गोमाता की सेवा करें : भारत टुटेजा

**फतेहाबाद।** गुरुकृपा मंडल की ओर से एकादशी के पावन पर्व पर मनाए जा रहे होली उत्सव का आज बीघड़ रोड पर नंदीशाला में आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में इसमें भारत टुटेजा ने गणेश वंदना और गुरुवंदना के साथ सत्संग की शुरुआत की। उसके बाद ममता तनेजा ने 'मेरे बाह पकड़ लो एक बार, साथी हमारे कौर बनेगा, तुम ना सुनोगे तो कौन सुनेगा' आदि भजनों से माहौल रसमयी बना दिया।

### देसी कपास के क्षेत्र बढ़ाने के लिए करें जागरूक

**सिरसा।** कृषि विज्ञान केंद्र में कपास का उच्च उत्पादन प्राप्त करने बारे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता संयुक्त निदेशक (कपास) डा. रामप्रताप सिहाग ने की। डा. रामप्रताप सिंह ने कहा कि अधिकारी किसानों को देसी कपास फसल के क्षेत्र बढ़ाने बारे जागरूक करें। इसके साथ ही गुलाबी सुंडी की रोकथाम बारे अभियान चलाकर किसानों को प्रोत्साहित करें।

### कैरियर गाइडलाइंस व प्लेसमेंट सेल के बारे व्याख्यान का आयोजन

**सिरसा।** कैरियर गाइडलाइंस व प्लेसमेंट सेल की ओर से सीएमके महाविद्यालय के सभागार में मंगलवार को एमए व बीए, बीकॉम एमकॉम अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए फाइनेंशियल, रोजगार व कैरियर संबंधित व्याख्यान का आयोजन हुआ जिसमें एमसी एक्स मेटल एंड एनर्जी ट्रेड ट्रस्ट के वरिष्ठ प्रबंधक बिजनेस डेवलपमेंट डी. चौधरी ने फाइनेंशियल अवेयरनेस के बारे में विस्तार से बताया।

### जुवेनाइल जस्टिस सिस्टम पर हुआ एक्सपर्ट लेक्चर

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के विधि विभाग के लीगल एड क्लीनिक द्वारा मंगलवार को जुवेनाइल जस्टिस सिस्टम पर एक्सपर्ट लेक्चर का आयोजन किया गया जिसमें लीगल कम प्रोबेशन अधिकारी, जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड मोनिका चौधरी ने शिरकत की। विधि विभाग के छात्रों ने जुवेनाइल के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की।

### शहीद हरि राम सैनी के नाम पर रखा स्कूल का नाम

**टोहाना।** टोहाना के राजकीय वरिष्ठ विद्यालय का नाम शहीद हरि राम सैनी को समर्पित उनके नामकरण पर कर दिया गया है। इससे सैनी समाज में खुशी का माहौल है। टोहाना सैनी सभा के पूर्व प्रधान जय भगवान सैनी ने बताया कि टोहाना से शहीद हरिराम सैनी वर्ष 1971 में भारत-पाकिस्तान के युद्ध में भाग लेते हुए शहीद हो गए थे। उनके परिवार और समस्त समाज के लोगों ने शहीद के बेटे एवं सैनी सभा के पूर्व प्रधान वीरेंद्र सैनी और प्रधान जयभगवान काका सैनी ने स्कूल का नाम शहीद हरि राम सैनी के नाम पर करने को लेकर नगर परिषद के प्रधान नरेश बंसल व उप प्रधान नीरू सैनी को मांग पत्र सौंपा था।

## एडीसी ने नशा मुक्ति केंद्र इंचार्जों के साथ की बैठक

# नशा मुक्ति केंद्र में कैंप लगाकर करें जागरूक

नशा की रोकथाम के लिए केंद्रों की ओर से की जा रही कार्रवाई व प्रभावी गतिविधियों के आयोजन के बारे में किया विचार-विमर्श



**सिरसा।** नशा मुक्ति केंद्र संचालकों की बैठक लेते एडीसी लक्षित सरीन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने कहा कि नशा की समस्या को हम सबको मिलकर खत्म करना है। इस कार्य में नशा मुक्ति केंद्रअहम भूमिका अदा कर सकते हैं। नशा मुक्ति केंद्र अपने आस-पास के गांव में कैंप लगाकर लोगों को नशा न करने के लिए जागरूक करें और जो नशा से ग्रसित है, उसे इलाज के लिए प्रेरित करें। अतिरिक्त उपायुक्त ने मंगलवार को जिला के नशा मुक्ति केंद्र के संचालकों के साथ बैठक में कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नशा मुक्ति केंद्र अपने आस-पास के संवेदनशील 10-10 गांव चिन्हित करके वहां पर जागरूकता कैंप लगाकर लोगों को नशा न करने बारे जागगरूक करें। इसमें गांव के गणमान्य व्यक्तियों का सहयोग लें। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार संबंधित विभाग आपसी तालमेल करते हुए प्रभावी जागरूगता कार्यक्रम करें, जिसमें नेहरू युवा केंद्र व अन्य संस्थाओं को भी इसमें शामिल करें।

### रिकॉर्ड को रखे अपडेट, प्रयास एप पर करें रजिस्टर

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि नशा मुक्ति केंद्रस्वयं को प्रयास एप पर रजिस्टर करें। इसमें केंद्र के रिकॉर्ड को अपडेट करें। अपने केंद्र की गतिविधियों की रिपोर्ट हर माह सिविल सर्जन व जिला समाज कल्याण अधिकारी कल्याण विभाग को भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि नशा मुक्ति केंद्रों की समय-समय पर चैकिंग की जाए।

### नशा मुक्ति केंद्रों से मांगी प्रगति रिपोर्ट

बैठक में सभी नशा मुक्ति केंद्रों से एक-एक कर प्रगति रिपोर्ट के बारे में जानकारी ली गई। इसके साथ ही नशा की रोकथाम के लिए केंद्रों की ओर से की जा रही कार्यवाही बारे भी चर्चा की गई। और इस दिशा में प्रभावी गतिविधियों के आयोजन बारे विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिलोड, उप सिविल सर्जन डा पंकज शर्मा, डा राजेश कुमार, जिला जेल से रेखा रानी, डा तुषार, डा अशोक गुप्ता, चरणप्रीत सिंह, शमशेर सिंह, डा प्रेरणा मलिक आदि उपस्थित थे।

# केन्द्र सरकार के बजट की प्रतियां फूंकी

■ जाण्डवाला बागड़ में किसान सभा की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** गांव जाण्डवाला बागड़ में बजट की प्रतियां फूंकते किसान सभा के सदस्य।

गांव जाण्डवाला बागड़ में अखिल भारतीय किसान सभा की जनरल बॉडी की मीटिंग साधु राम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य वक्ता के तौर पर सभा के जिला प्रधान विष्णु दत्त व सुभाष चन्द्र भादू ने हिस्सा लिया। इस मौके पर 15 सदस्यीय मोहल्ला कमेटी का गठन किया गया, जिसमें बीर सिंह को प्रधान व पवन कुमार को सचिव चुना गया। इसी दौरान केन्द्र सरकार द्वारा किसान, मजदूर व मेहनतकश जनता के विरोध में और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के समर्थन में पेश किए गए बजट की प्रतियां जलाकर विरोध जताया गया। किसान सभा के जिला प्रधान विष्णुदत्त व सुभाष चन्द्र भादू ने कहा कि आज केन्द्र सरकार और राज्य सरकार लगातार किसानों और मजदूरों को राहत देने की बजाय बजट में कटौती करती जा रही है। दूसरी तरफ भयंकर बेरोजगारी और मंहगाई की मार से किसान, मजदूर कर्ज में डूबे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषि तथा सहायक क्षेत्रों में सार्वजनिक निवेश में लगातार कटौती करके संघीय बजट में कृषि तथा सहायक क्षेत्रों में कुल आवंटन 2019 के 5.44 फीसदी से घटकर 2024 में 3.15 फीसदी पर आ गया। उर्वरक तथा खाद्य सब्सिडीयों में कटौती की गई है। मनरेगा का आवंटन 86000 करोड़ रुपए है, जो पिछले साल इस मद में किए गए खर्च से कम है। किसान नेताओं ने कहा कि प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना और अन्य योजनाओं के लिए आवंटनों में कटौती कर सरकार ने किसान विरोधी होने का प्रमाण दिया है।

## स्वामी दयानंद का जीवन प्रेरणादायी

**फतेहाबाद।** आर्य समाज फतेहाबाद द्वारा महर्षि दयानंद सरस्वती जी के 201वें जन्मदिवस एवं आर्य समाज की 150वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आर्य समाज मंदिर, सुंदर नगर फतेहाबाद में ऋग्वेद पारायण यज्ञ का पूर्ण वैदिक रीति के अनुसार वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ शुभारंभ किया गया। इस ऋग्वेद पारायण यज्ञ के ब्रह्मा वैदिक विद्वान आचार्य पवनवीर, मुजफ्फरनगर, उत्तरप्रदेश है तथा वेद मंत्रों का उच्चारण आर्य समाज के पुरोहित दीपक शास्त्री व ब्रह्मचारी प्रताप आर्य ने किया। इस अवसर पर यज्ञमान के रूप में आर्य समाज के प्रधान अरूण ग्रोवर, सतीश चौधरी व पवनकुमार ने सपत्नीक शामिल रहे।

# पुलिस जवानों को आधुनिक हथियारों का दिया प्रशिक्षण

■ पुलिस लाइन में 5 दिन का प्रशिक्षण शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



**सिरसा।** पुलिस जवानों को आधुनिक हथियारों बारे में प्रशिक्षण देते हुए।

जिला के विभिन्न थानों, चौकियों, पुलिस लाइन व अन्य यूनिटों में तैनात जवानों को अत्याधुनिक हथियारों को संचालित करने के लिए पुलिस लाइन में 5 दिन का प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। प्रशिक्षण के दौरान पुलिस जवानों को हथियारों को चलाने तथा उनके रख रखाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण का उद्देश्य पुलिस जवानों को अत्याधुनिक हथियारों के बारे में जानकारी देना है ताकि किसी भी विषम परिस्थिति के दौरान मोर्चा संभालकर अत्याधुनिक हथियारों को भलीभांति उपयोग व संचालन कर सके। बरनाला रोड़ स्थित पुलिस लाइन सिरसा में दिए गए प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षिकों द्वारा पुलिस जवानों को स्वचालित हथियारों के बारे में बारिकी से जानकारी दी जा रही है। जिला पुलिस की ओर से पुलिस लाइन सिरसा में आयोजित ट्रेनिंग के दौरान एसएलआर, पिस्टल और एके-47 जैसे आधुनिक हथियारों से जवानों को अवगत कराया तथा आधुनिक हथियारों का इस्तेमाल करना सिखाया जा रहा है। जो भविष्य में भी लगातार जारी रहेगा। अक्सर जवानों को पुलिस ट्रेनिंग के अलावा अन्य दिनों में दोबारा हथियारों का अभ्यास करने का समय नहीं मिल पाता।

## सिंचाई की समस्या को लेकर एसई से मिले किसान, 17 तक का दिया अल्टीमेटम



**सिरसा।** हरियाणा किसान मंच के बैनर तले किसानों ने सिंचाई की समस्या को लेकर मंच के प्रदेशाध्यक्ष बाबा गुरदीप सिंह झिड़ी की अध्यक्षता में सिंचाई विभाग के एसई से मुलाकात की। बातचीत के बाद आगामी 17 मार्च तक का समय एसई द्वारा किसानों को दिया गया है। वहीं किसानों ने भी चेतावनी देते हुए कहा कि आगामी 17 मार्च तक समस्या का हल नहीं किया गया तो आंदोलन की रूपरेखा बनाई जाएगी। किसानों ने एसई को बताया कि पूरे सिरसा जिले में भाखड़ा नहर से अलग-अलग नहरों में सिंचाई का पानी आता है। पिछले काफी समय से भाखड़ा का पानी नहीं आने के कारण किसानों के समक्ष सिंचाई की समस्या आन खड़ी हुई है, जिसके कारण फसलें प्रभावित हो रही है। उन्होंने बताया कि सिंचाई का पानी उचित मात्रा में नहीं आने के कारण फसलों के उत्पादन पर भी प्रभाव पड़ेगा, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ेगा। इस मौके पर बिकर सिंह, जसपाल सिंह, मग्घर सिंह, बलकरण सिंह, बलकरण सिंह, सुरजीत ओढां, सिकंदर सिंह, मंदर सिंह, निर्मल सिंह, राजा सिंह मौजूद थे।

# अमृत सरोवर तालाब का किया निरीक्षण

■ पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने निर्माण कार्यों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** गांव धांगड़ में अमृत सरोवर तालाब का निरीक्षण करते हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने धांगड़ गांव स्थित अमृत सरोवर तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभाग द्वारा किए गए निर्माण कार्यों का गहनता से जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विकास एवं पंचायत मंत्री ने कहा कि अमृत सरोवर योजना के तहत निर्मित यह तालाब गांव में जल संरक्षण, भूजल स्तर को बढ़ाने और प्राकृतिक सौंदर्य को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास एवं जल संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और इसी दिशा में यह तालाब एक महत्वपूर्ण कदम है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने संबंधित अधिकारियों से निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, जल संचयन की क्षमता और तालाब के रखरखाव की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि तालाब के चारों ओर हरियाली विकसित करने, साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जल संरक्षण योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है और अमृत सरोवर योजना के तहत हर जिले में तालाबों का निर्माण व पुनरुद्धार किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से भी आह्वान किया कि वे इन जल स्त्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाएं। इस अवसर पर जिला परिषद की अध्यक्ष सुमन खीचड़, जिला परिषद के सीईओ सुरेश कुमार, कार्यकारी अभियंता देवेंद्र सिंह सहित विभागीय अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## शिक्षकों ने किया एसडीएम का स्वागत बतौर प्राथमिक शिक्षक दे चुके है सेवाएं



**रतिया।** रतिया के एसडीएम सुरेश कुमार का जिले के प्राथमिक शिक्षकों ने स्वागत किया है। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला फतेहाबाद के प्रतिनिधि मंडल ने रतिया उपमंडल अधिकारी सुरेश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात कर उनका स्वागत किया। इस शिष्टमंडल की अगुवाई संघ के राज्य चेयरमैन देवेंद्र दहिया ने की। उनके साथ जिला प्रधान विकास टुटेजा, वरिष्ठ सदस्य विनोद मूंड, भारत गोयल और अनूप झंडई शामिल रहे। बता दें कि उप मंडल अधिकारी रतिया स्वयं एक प्राथमिक शिक्षक रह चुके हैं और जिला फतेहाबाद के टोहाना खंड में अपनी सेवाएं बतौर प्राथमिक शिक्षक दे चुके हैं। उन्होंने वर्ष 2019 में हरियाणा सिविल सेवा परीक्षा पास की और अब तोशाम के बाढड़ा से तबादले के पश्चात फरवरी में ही बतौर एसडीएम रतिया में कार्यग्रहण किया है। एसडीएम सुरेश कुमार शिक्षक प्रतिनिधिमंडल से मिलकर बहुत प्रसन्न हुए तथा संघ द्वारा जिले में अभिनंदन करने पर धन्यवाद भी किया। एसडीएम ने प्रतिनिधिमंडल के साथ विद्यालयों में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं, शैक्षणिक वातावरण, विद्यालयों में छात्र संख्या बढ़ाने, शिक्षा के सत्र को ऊंचा उठाने आदि विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की तथा प्राथमिक शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वे रतिया खंड जो कि शिक्षा के मामले में काफी पिछड़ा हुआ है, इसमें शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए बहुत गंभीर हैं।

# लक्ष्य प्राप्ति के लिए मेहनत जरुरी: ढिढारिया

■ राजकीय कन्या विद्यालय नाथूसरी कला में विदाई समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



**सिरसा।** कार्यक्रम में विभिन्न खिताबों से नवाजी गई छात्राएं कॉलेज स्टाफ के साथ।

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाथूसरी कला में कक्षा 12वीं की छात्राओं के लिए विदाई समारोह हुआ जिसमें मुख्यातिथि प्रमुख समाजसेवी रोशनी देवी ढिढारिया थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी सतवीर सिंह ढिढारिया ने की। मुख्यातिथि रोशनी देवी ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को हमेशा हर परिस्थिति में जीवन की सभी परिस्थितियों का सामना करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने परिवार, समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को ज्यादा से ज्यादा पूरा करने के लिए पढ़ाई और ज्ञान की प्राप्ति ही हमारा पहला लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने बताया कि हमें कभी भी बुरी स्थितियों में अपने प्रयासों को नहीं छोडऩा चाहिए और हमेशा संघर्ष करना चाहिए। खंड शिक्षा अधिकारी सतवीर सिंह ढिढारिया ने कहा कि हमने आपके बचपन से लेकर आज तक का सफर देखा है और हर स्थिति में जीवन जीने की कला सीखने का भरपूर प्रयास किया है। विद्यालय प्रवक्ता दलबीर सिंह ने बताया कि आज के समारोह में पिछले वर्ष के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में अग्रणी भूमिका निभाने वाली छात्राओं नेहा, चेष्टा, मोनिका, भावना को विद्यालय का गौरव सम्मान देकर सम्मानित किया।

## उम्मीदवारों को चुनाव खर्च का लेखा रखना जरूरी: उपायुक्त

**सिरसा।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनाव लडऩे वाले सभी उम्मीदवारों को अपने चुनाव खर्च का लेखा प्रतिदिन रखना आवश्यक है। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बताया कि चुनाव खर्च का लेखा नियमानुसार रखना जरूरी है। चुनाव खर्च लेखा चेक कराने के लिए उम्मीदवार फैकल्टी हाउस, चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा (कमरा नंबर 104) में नियुक्त खर्च पर्यवेक्षक जयपाल मनचंदा से संपर्क करके अपना खर्च नियमानुसार चैक करवाएं। उन्होंने बताया कि चुनाव लडऩे वाले सभी प्रत्याशी अपने खर्च के लेखे के अकाउंट व रजिस्टर को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त चुनाव व्यय पर्यवेक्षक या इसके लिए नियुक्त की गई खर्च टीम के पास चैक करवाएंगे।

# बॉडी बिल्डिंग सिखाती है अनुशासन समर्पण, स्वस्थ जीवनशैली: जयप्रकाश

■ जेसीडी विद्यापीठ में जय हिंद क्लासिक बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



**सिरसा।** बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता के विजेता को सम्मानित करते हुए मुख्यअतिथि।

भारत में फिटनेस और बॉडीबिल्डिंग के प्रति बढ़ती जागरूकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जेसीडी विद्यापीठ में जय हिंद क्लासिक बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मुख्यातिथि विद्यापीठ के महानिदेश डॉ. जयप्रकाश थे। उन्होंने कहा कि बॉडीबिल्डिंग केवल एक खेल नहीं, बल्कि यह अनुशासन, समर्पण और स्वस्थ जीवनशैली का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को न केवल अपने शरीर को स्वस्थ और मजबूत बनाने के लिए प्रेरित करते हैं, बल्कि उन्हें खेल भावना, अनुशासन और आत्मनिर्भरता भी सिखाते हैं। निर्णायक मंडल में धीरज मोहनदास, मनीष कश्यप, शिवम भदौरिया, फिरदौस पटवा और तारिक गुलजार वारसी शामिल थे।

## श्री श्याम बगीची धाम में भजन संध्या का आयोजन



**सिरसा।** अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से एकादशी के उपलक्ष्य में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें भजन गायकों ने भजनों के माध्यम से बाबा श्याम की महिला का गुणगान किया। श्री श्याम बगीची के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने बताया कि राजेंद्र गनेरीवाला ने गणेश वंदना से भजन संध्या का आगाज किया। उन्होंने हनुमान चालीसा का पाठ किया और भजन- इतनो बड़ो म्हारो भाग है बाबा, हम तो बाबा के भरोसे चलते हैं, तू रुक नही पाएगा जब बाबा तुझे बुलाएगा, भर दे रे श्याम झोली भर दे, लो आ गया बाबा श्याम मैं शरण तेरी, पकड़ लो हाथ बनवारी नहीं तो डूब जाएंगे सहित अनेक भजन प्रस्तुत किए। बाद में अनुराग गोयल ने भजनों के माध्यम से बाबा के श्री चरणों में अपनी हाजिरी लगाई। हिसार से आए भजन गायक सौरभ शर्मा ने भजन- जिंदगी संवार देता है सांवरा इम्तिहान लेता है, खाटू वाले श्याम धणी से हेत पुराना सै, फागण आयो रे चलो श्याम के द्वारे, मूंछा की मरोड़ यकै रौब है निरालो, गत जोर मेरो चालै तो हीरा मोतियां सै नजर उतार दूं, खाटू का राजा तू ही पालनहार है, हारा हूं बाबा पर तुत पर भरोसा है जीतूंगा इक दिन मेरा दिल ये कहता है, दुनिया रचने वाले को भगवान कहते है सहित अनेक भजन प्रस्तुत किए।

### मांगों को लेकर डीईओ से मिला प्राथमिक शिक्षक संघ

# मुख्य शिक्षक के पदों पर प्राथमिक शिक्षकों की जल्द हो पदोन्नति, वरिष्ठता सूची तैयार की जाए : विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** जिला शिक्षा अधिकारी को मांग पत्र सौंपते प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला फतेहाबाद का प्रतिनिधिमंडल ने आज जिला प्रधान विकास टुटेजा के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई से उनके कार्यालय में प्राथमिक विद्यालयों एवं प्राथमिक शिक्षकों की लंबित मांगों को पूरा करवाने के लिए मुलाकात की। जिला प्रधान विकास टुटेजा ने कहा कि जिन विद्यालयों में शिक्षकों की कमी है, वहां तुरंत प्रभाव से शिक्षकों का अस्थायी समायोजन किया जाए और जिन शिक्षकों को पूर्व में समायोजित किया गया है, उन्हें आगामी आदेशों तक यथा स्थिति रखा जाए ताकि शिक्षण कार्य एवं नए सत्र में नामांकन कार्य बाधित न हो। संघ के राज्य चेयरमैन देवेन्द्र दहिया ने कहा कि प्राथमिक शिक्षकों से मुख्य शिक्षक के पदों पर वर्ष 2019 के बाद पदोन्नति नहीं हुई है, इसलिए मुख्य शिक्षक के पदों पर प्राथमिक शिक्षकों की पदोन्नति की जाए। जिला वरिष्ठ उपप्रधान भजन कम्बोज एवं जिला उपप्रधान राकेश मदान ने कहा कि जिन प्राथमिक विद्यालयों में सफाई कर्मचारी नहीं हैं, उन विद्यालयों हेतु साफ सफाई के लिए बजट डलवाया जाए। राज्य कानूनी सलाहकार दलीप बिश्नोई ने मिड डे मील हेतु कुकिंग कास्ट एवं मिड डे मील कुक का बकाया वेतन सीधा प्राथमिक विद्यालयों को जारी करने की मांग उठाई।

## रॉकी मित्तल का दावा : बीजेपी में शामिल होने के लिए कांग्रेसी लगा रहे चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिले की जाखल नगरपालिका के 2 मार्च को होने वाले चुनावों को लेकर सिंगर रॉकी मित्तल मंगलवार को चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे। उन्होंने जाखल से चेयरमैन पद के लिए भाजपा प्रत्याशी सुरेन्द्र मित्तल के लिए वोटों की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा ने स्वच्छ छवि के सुरेंद्र मित्तल को टिकट दिया है। प्रचार के दौरान रॉकी मित्तल ने दावा किया कि कांग्रेस के कई बड़े नेता आज भाजपा में शामिल होने के लिए प्रयासरत हैं और चक्कर काट रहे हैं। रॉकी मित्तल ने कहा कि सुरेंद्र मित्तल पहले यहां सरपंच के रूप में विकास कार्य कर चुके हैं। रॉकी ने कांग्रेस विधायक पर निशाना साधते हुए कहा कि वे एक तरफ कहते हैं कि सरकार में उनकी नहीं चलती। वहीं दूसरी तरफ निर्दलीय प्रत्याशी विक्की के साथ मिलकर काम करने की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि जाखल का विकास सिर्फ सरकार में शामिल चेयरमैन ही करवा सकता है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले टोहाना से कांग्रेस विधायक परमवीर सिंह ने निर्दलीय प्रत्याशी विकास कामरा को समर्थन दिया था। इसके बाद से भाजपा नेता लगातार कांग्रेस पर हमलावर हैं। रॉकी ने मतदाताओं से 2 मार्च को भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्र मित्तल के पक्ष में वोट करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सुरेंद्र मित्तल जाखल के विकास के लिए लडऩे वाले व्यक्ति हैं और वे क्षेत्र में विकास कार्यों की कमी नहीं होने देंगे।

## खबर संक्षेप

### गांव भोड़ियाखेड़ा से कार चोरी, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने गांव भोडियाखेड़ा से एक कार चोरी कर ली। इस बारे शहर फतेहाबाद पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव भोडियाखेड़ा निवासी रजतदीप ने कहा है कि गत दिवस रात को उसने अपनी स्विफ्ट कार को अपने घर के बाहर खड़ा किया था। सुबह जब वह उठकर घर के बाहर आया तो उसने देखा कि वहां से उसकी गाड़ी गायब थी।

### शहर में दो स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी

**सिरसा।** शहर में अलग-अलग स्थानों से चोर दो मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में पहले मामले में रमेश कुमार निवासी भारत नगर ने बताया कि बीती 23 फरवरी की शाम को उसने अपना मोटरसाइकिल घर के बाहर खड़ी की थी। कुछ देर बाद देखा तो बाइक गायब मिली। उसने अपने स्तर पर बाइक की काफी तलाश की लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं लगा। दूसरे मामले में गांव रंधावा निवासी विक्रम सिंह ने बताया कि वह बीती 23 फरवरी को बाइक चोरी हो गई।

### चोरों ने बिजली लाइन से लाखों की तार चुराई

**फतेहाबाद।** चोरों ने अहरवां 33केवी से गांव फुलां रोड पर जाने वाली लाखों रुपये की बिजली की तार चोरी कर ली। इस बारे बिजली निगम के जेई द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम सब डिवीजन रतिया के जेई सूरजमल ने कहा है कि एएलएम भरत सिंह, एएलएम पवन कुमार, एएलएम राकेश कुमार जोकि 33केवी फुलां में कार्यरत हैं।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 8 मार्च को

**सिरसा।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार न्यायालय परिसर सिरसा, उपमंडल न्यायालय परिसर डबवाली व ऐलनाबाद में 08 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से केसों के निपटारे के लिए आवेदन किया जा सकता है। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने दी है।

### भाजपा नेता ने चूली बागड़ियान में किया क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

# युवाओं में खेलों के प्रति रुचि नशे से दूर रखने में सहायक : भवानी सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। गांव चूली बागड़ियान में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते भाजपा नेता ठाकुर भवानी सिंह। फोटो : हरिभूमि

■ क्रिकेट टूर्नामेंट में गांवों के अलावा राजस्थान, पंजाब से 80 टीमें टूर्नामेंट में भाग ले रही

युवाओं में खेलों के प्रति रुचि उन्हें नशे से दूर रखने में सहायक होती है। युवाओं को चाहिए कि वे अपने अंदर खेलों के प्रति लगाव पैदा करते हुए किसी भी खेल का हिस्सा बनें। नशा को खत्म करना हम सबकी नैतिक व सामाजिक जिम्मेवारी है। यह बात भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सचिव ठाकुर भवानी सिंह ने गांव चूली बागडियान में युवा क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट महाकुंभ का शुभारंभ करते हुए कही। उन्होंने खिलाडियों से मिलकर उनसे परिचय किया और उनसे खेल को खेल भावना से खेलने और आपसी भाईचारा कायम रखने की अपील की। युवा क्रिकेट क्लब के सदस्यों ने मुख्यअतिथि का फूलमालाओं से स्वागत किया। इस क्रिकेट टूर्नामेंट में आसपास के गांवों के अलावा राजस्थान, पंजाब से 80 टीमें इस टूर्नामेंट में भाग ले रही हैं। ठाकुर भवानी सिंह ने कागदाना व तलवंडी राणा के बीच पहले मुकाबले का शुभारंभ किया।खिलाडियों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता ठाकुर भवानी सिंह ने कहा कि खेलों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। खेलों के माध्यम से जहां आपसी भाईचारा बढ़ता है वहीं हमारा शरीर भी मजबूत होता है।

उन्होंने कहा कि आज का युवा खेलों में रुचि लेकर नशे से बच सकते हैं, हम सबका यह नैतिक कर्तव्य बनता है कि युवाओं को खेलों की तरफ ध्यान लगाकर नशे से मुक्ति दिलाई जा सकती है। भाजपा नेता ने कहा कि नशा समाज के लिए अभिशाप है। समाज में नशा की प्रवृति देश की उन्नति व तरक्की में बाधक है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे की लत से दूर रहकर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए खेलों की ओर बढऩा चाहिए। स्वयं भी नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इससे दूरी बनाकर रखने के लिए प्रेरित करें। ठाकुर भवानी सिंह ने कहा कि आज पीएम नरेन्द्र मोदी और सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हमारा देश और प्रदेश तरक्की कर रहा है। आज भारत पूरे विश्व में चौथी अर्थव्यवस्था है। पूरे विश्व में भारतवासियों का सम्मान बढ़ा है। दूसरी तरफ विदेशी ताकतें षडयंत्र के तहत नौजवान पीढ़ी को कमजोर करने की साजिशें रच रही हैं। ज्यादातर नशा तस्कर विदेशी होते हैं। नशे के खिलाफ मिलकर सामूहिक लड़ाई लडऩी होगी। इस अवसर पर कुलदीप बैनीवाल, कृष्ण सिहाग, मनदीप सिहाग, मुकेश ठाकुर, प्रदीप बैनीवाल, संदीप सिहाग, अक्षय बैनीवाल, अनिल बैनीवाल, विरेन्द्र बैनीवाल, पवन बैनीवाल, कपिल शर्मा, सुमित बैनीवाल, अजय जाखड़, अमित बैनीवाल, अनमोल बैनीवाल, पवन बैनीवाल के अलावा अमन राघव, गुरदीप, शान्ति, प्रीतम हिसार सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# एससी आयोग के चेयरमैन ने लाली व शेखुपुर गावों में सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया



रतिया। लोगों की समस्या सुनते हुए चेयरमैन रविंद्र बलियाला।

हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. रविन्द्र बलियाला ने लाली व शेखुपुर गावों में लोंगो की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान चेयरमैन का गावों में पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। हरियाणा एससी आयोग के चेयरमैन ने कहा कि आयोग अनुसूचित जाति के लोगों की सुरक्षा व कल्याण के लिए कार्य कर रहा है। राज्य सरकार भी ऐसे मामलों के प्रति बहुत ही संवेदनशील है तथा हर मामले को संजीदगी के साथ लेती है। उन्होंने सडक़ों, मकान बनवाने, पेंशन, एससी चौपाल की बकाया पेमेंट, पुलिस विभाग से संबंधित समस्या, बिजली, पानी आदि से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अनुसूचित जाति के पात्र व्यक्तियों को मिलने वाली सरकारी सहायता व जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ समय पर मिलना चाहिए। इस अवसर पर एसएचओ राजबीर सिंह, तहसील कल्याण अधिकारी कंवल सिंह, एसडीओ अंचल जैन, अशोक कुमार, एसईपीओ महेंद्र मताना, बिबो इंदौरा, जसकरण सिंह, सरदार गुरचरण खोखर, सतपाल कम्बोज, मदन आदि मौजूद रहे।

### मंगल कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का आगाज

**चोपटा।** गोपाल गोवंश सेवा समिति अरनियांवाली के सहयोग से गांव की श्री गोपाल गौवंश गौशाला में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। गौशाला प्रवक्ता बृजलाल सुथार ने बताया कि मंगलवार की सुबह सवा 8 बजे गांव में कलश यात्रा निकाली गई, जोकि गांव के श्रीकृष्ण से मंदिर शुरू हुई और गांव की गलियों से होते हुए कथास्थल पर पहुंची, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़चढकर भाग लिया। इसके बाद आरती की गई और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि कथा का समय सुबह 11.15 बजे से 3.15 बजे तक रहेगा। कथा का वाचन महादेव भोलेनाथ मुक्ति धाम काशी बनारस से पधारीं साध्वी निष्ठा अपने मुखारबिंद से करेंगी।

## मुख्त्यार सिंह कॉलेज बहबलपुर के छात्र यूजीसी नेट/जेआरएफ में छाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

■ विभिन्न विषयों के तीन छात्र-छात्राएं प्रथम प्रयास में चयनित हुए

गांव बहबलपुर स्थित मुख्त्यार सिंह मैमोरियल पीजी कॉलेज के विद्यार्थियों ने दिसंबर 2024 की यूजीसी नेट/जेआरएफ पात्रता परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। महाविद्यालय के विभिन्न विषयों के तीन छात्र-छात्राएं प्रथम प्रयास में चयनित हुए हैं। पंजाबी विषय में मनीषा देवी सुपुत्री दलबीर सिंह, भूगोल विषय में कमल कटारिया सुपुत्र विनोद कुमार ने जेआरएफ तथा कॉमर्स विषय में रचना रानी सुपुत्री हरनामचंद ने यूजीसी नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की। महाविद्यालय प्रबंधक समिति के चेयरमैन डॉ. हरमिंदर सिंह, डायरेक्टर अमनदीप कौर व प्राचार्य डॉ. ओपी नागपाल ने यूजीसी नेट/जेआरएफ पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि हमारे विद्यार्थियों के कड़े परिश्रम का परिणाम है। डॉ. हरमिंदर सिंह ने कहा कि महाविद्यालय निरंतर अपने विद्यार्थियों को यूजीसी नेट/जेआरएफ परीक्षा व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त की।

## ब्रेजा गाड़ी व बाइक की टक्कर में बाइक सवार चालक व महिला घायल

■ फतेहाबाद रोड पर बीच में डिवाइडर न बनाए जाने से हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया



रतिया। हादसे में क्षतिग्रस्त गाड़ी।

शहर के फतेहाबाद रोड पर रोड चौड़ा करने के बाद बीच में डिवाइडर न बनाए जाने के कारण रोजाना हादसे हो रहे हैं। आज भी फतेहाबाद रोड पर एक ब्रेजा गाड़ी व बाइक में टक्कर हो गई जिसमें बाइक सवार व्यक्ति व महिला को मामूली चोटे आई। इस दौरान एक्सीडेंट को लेकर बाइक सवार व ब्रेजा गाड़ी चालक में काफी विवाद विवाद और हाथापाई भी हो गई जिस कारण रोड पर काफी भीड़ हो गई और स्टेट हाईवे कुछ समय के लिए बाधित हो गया। बाद में लोगों ने बीच बचाव किया।

मिली जानकारी के अनुसार फतेहाबाद रोड पर तहसील परिसर के पास रोड के बीच में डिवाइडर न बनाए जाने के कारण रोजाना हादसे हो रहे हैं। आज भी जब एक ब्रेजा गाड़ी तहसील परिसर के पास रोड के ऊपर यू टर्न ले रही थी तो पीछे से आ रहे एक बाइक के साथ उसकी टक्कर हो गई। इस टक्कर में बाइक चालक व महिला सडक़ पर गिर गए और उन्हें मामूली छोटे हैं जबकि ब्रेजा गाड़ी का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया।

# अग्रवाल वैश्य समाज ने शादियों में निमंत्रण पत्र नहीं छपवाने का लिया अहम निर्णय

■ मुहूर्त पर विवाह की रस्म पूरी की जाएगी, प्री वेडिंग शूट पर बैन किए जाने के प्रस्ताव पर भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया



फतेहाबाद। प्रदेश स्तरीय बैठक में भाग लेते हुए जिला फतेहाबाद के सदस्य।

अग्रवाल वैश्य समाज के पदाधिकारियों ने फैसला किया है कि वह भविष्य में शादियों में निमंत्रण पत्र नहीं छपवाएंगे केवल डिजिटल निमंत्रण पत्र भेजे जाएंगे या फिर फोन पर मेहमानों को आमंत्रण भेजा जाएगा। यह फैसला पानीपत में आयोजित अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला की अध्यक्षता में हुई प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से किया गया। इस बैठक में फतेहाबाद जिला अध्यक्ष राजेंद्र मित्तल, महिला प्रदेश अध्यक्ष सुशीला सर्राफ, युवा जिला अध्यक्ष मोहित गर्ग, महिला जिला अध्यक्ष दीपिका बंसल, फतेहाबाद अध्यक्ष राजीव जैन, रतिया महासचिव विपिन गोयल, रतिया उप प्रधान मक्खन लाल सिंगला, सदस्य उज्जवल कंसल, पवन सर्राफ ने भी भाग लिया। यह जानकारी फतेहाबाद जिला अध्यक्ष राजेंद्र मित्तल ने आयोजित बैठक में भाग लेने के बाद आज यहां पत्रकारों को दी।

मित्तल ने बताया कि बैठक में विवाहों को लेकर रखे गए प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा करने के बाद यह भी फैसला हुआ कि विवाह शादियों में खाने के मेन्यू को छोटे से छोटा रखा जाएगा। फैसला किया गया कि भविष्य में जो भी शादी होगी, उसमें पंडित द्वारा निकाले गए मुहूर्त पर विवाह की रस्म पूरी की जाएगी। उसमें किसी भी प्रकार की देरी नहीं की जाएगी। साथ ही निर्णय हुआ कि विवाह से पूर्व प्री वेडिंग शूट के नाम किया जा रहा कृत्य पर बंदिश लगाई जाएगी।

## 2 को डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे ग्रामीण सफाई कर्मचारी

■ सीएम द्वारा घोषित 26 हजार रुपये वेतन लागू करवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

ग्रामीण सफाई कर्मचारियों द्वारा सीएम द्वारा घोषित 26 हजार रुपये वेतन को लागू करवाने की मांग को लेकर 7 मार्च से शुरू होने वाले बजट सत्र से पूर्व 2 मार्च को फतेहाबाद में उपायुक्त कार्यालय पर रोष प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन के माध्यम से ग्रामीण सफाई कर्मचारी सरकार से अपना वायदा पूरा करने की मांग को उठाएंगे। यह जानकारी देते हुए ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान सुनील कुमार, सचिव हरपाल सिंह, कोषाध्यक्ष बलबीर सिहं व सह सचिव बेगराज ने संयुक्त ब्यान जारी कर कहा कि सरकार द्वारा 24 नवम्बर को जींद में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर आयोजित राज्य स्तरीय महासम्मेलन में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को 26 हजार वेतन देने की घोषणा की थी, लेकिन करीबन ढाई माह बीत जाने के बाद आज तक भी ये घोषणा लागू नहीं हुई है। 6 फरवरी को केवल एक हजार रुपये बढ़ोतरी करके 16 हजार वेतन का पत्र जारी किया गया, जिससे 26 हजार वेतन लागू करने पर सवालिया निशान लग गया है।

### 26 हजार वेतन जनवरी से हो लागू

सफाई कर्मचारी नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद ग्रामीण सफाई कर्मियों ने कुछ राहत की सांस ली थी कि कम से कम महंगाई को देखते हुए वेतन तो कुछ ठीकठाक मिल जाएगा। सफाई कर्मियों को उम्मीद थी कि सरकार इसको जनवरी 2025 से लागू करके सफाई कर्मियों को नए साल का तोहफा देगी, लेकिन ऐसा ना करने से आज सफाई कर्मियों में सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ रही है। यूनियन नेताओं ने कहा कि 26 हजार वेतन एक साथ लागू करने की बजाय इसको टुकड़ों में लागू करने की सरकार की मंशा दिखाई दे रही है जो उचित नहीं है। वास्तव में अगर मुख्यमंत्री और हरियाणा सरकार दलितों के प्रति गम्भीर है तो सफाई कर्मियों के लिए तुरन्त प्रभाव से 26 हजार वेतन जनवरी से लागू किया जाए। तथा पिछले बजट सत्र में निवर्तमान मुख्यमंत्री खट्टर द्वारा दो हजार की आबादी की बजाय एक हजार आबादी पर एक कर्मचारी लगाते हुए घोषणा को भी लागू किया जाए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8814999173, 9253681005

# मूट कोर्ट स्पर्धा में 26 टीमों ने लिया भाग

■ लाला हंसराज फुटेला लॉ कॉलेज की टीम ने भी भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

लाला हंसराज फुटेला लॉ कॉलेज की मूट कोर्ट टीम ने प्रधानाचार्य डॉ. अनुप सिंह के दिशा-निर्देशन में टॉटिया विश्वविद्यालय, श्रीगंगानगर द्वारा आयोजित प्रथम एस.एस. टॉटिया राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता में भाग लिया।

कॉलेज की मूट कोर्ट टीम का नेतृत्व असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. ममता सिंह ने किया। टीम में बीए एलएलबी द्वितीय वर्ष के अभिनव, बीए एलएलबी तृतीय वर्ष की यशिका और बीए एलएलबी तृतीय वर्ष की दिव्या ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में देश के नौ राज्यों महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात, पंजाब, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड से आई 26 टीमों ने भाग लिया और अपनी विधिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कॉलेज की टीम ने अपने विधिक ज्ञान, अनुसंधान क्षमता और प्रभावशाली तर्क-वितर्क कौशल के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। डॉ. ममता सिंह ने बताया कि लाला हंसराज फुटेला लॉ कॉलेज अपने छात्रों के विधिक ज्ञान और व्यवहारिक अनुभव को समृद्ध करने के लिए समय-समय पर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की मूट कोर्ट प्रतियोगिताओं में भागीदारी सुनिश्चित करता है।

### डोडा पोस्त सहित दो युवकों को किया काबू

**फतेहाबाद।** एसपी आस्था मोदी के दिशा-निर्देशानुसार जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्त अभियान के तहत टोहाना पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। थाना सदर टोहाना प्रभारी एसआई बलजीत सिंह ने बताया कि पुलिस टीम एसआई हरदयाल के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि छिन्दा राम पुत्र मोहना राम व विशाल पुत्र पालाराम निवासी जमालपुर शेखां कचरा डोडा पोस्त बेचने का काम करते हैं और दोनों ने विशाल के घर में काफी मात्रा में डोडा पोस्त रखा हुआ है। इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो देखा कि मकान में दो युवक चारपाई पर बैठे थे और उनके पास तीन प्लास्टिक कट्टे रखे हुए थे।

### योगिता ने यूजीसी नेट परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा की छात्रा योगिता ने राजनीति विज्ञान विभाग में यूजीसी नेट परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त की है। योगिता ने इस परीक्षा में 300 में से 194 अंक प्राप्त किए, जो उनके कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। प्रोफेसर राजबीर सिंह दलाल ने इस सफलता पर योगिता को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रोफेसर राजबीर सिंह दलाल ने कहा कि योगिता की इस सफलता से न केवल विश्वविद्यालय का नाम रोशन हुआ है, बल्कि यह अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनेगी। उनकी इस कड़ी मेहनत और संघर्ष ने यह साबित कर दिया।

## एपेक्स कॉन्वेंट स्कूल को सीआईएससीई से 11वीं और 12वीं के लिए मिली मंजूरी

■ स्वीकृति के साथ एपेक्स कॉन्वेंट स्कूल शहर का एकमात्र संस्थान बन गया जिसे मान्यता मिली

**फतेहाबाद।** सतीश कॉलोनी स्थित एपेक्स कॉन्वेंट स्कूल, जोकि काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशंस यानि सीआईएससीई से संबद्ध है, को आगामी शैक्षणिक सत्र से कक्षा 11वीं और 12वीं संचालित करने की स्वीकृति मिल गई है।

इस स्वीकृति के साथ एपेक्स कॉन्वेंट स्कूल शहर का एकमात्र संस्थान बन गया है जो सीआईएससीई बोर्ड के तहत वरिष्ठ माध्यमिक शिक्षा प्रदान करेगा। यह जानकारी देते हुए स्कूल के निदेशक अमित मक्कड़ ने पूरे एपेक्स परिवार को बधाई दी। उन्होंने विशेष रूप से स्कूल संरक्षक सतीश चराईपोत्रा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से ही यह संभव हो पाया। उन्होंने संपूर्ण एपेक्स प्रबंधन, स्कूल के शिक्षकगण, छात्र.छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को भी इस उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय पारंपरिक शिक्षण पद्धतियों के साथ-साथ विद्यार्थियों को व्यावसायिक अनुभव भी प्रदान करेगा, जिससे उनके करियर को सही दिशा मिलेगी। मक्कड़ ने पूरे शहर को बधाई देते हुए कहा कि इस स्वीकृति से प्रत्येक छात्र को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

### नेशनल लेवल कब बुलबुल उत्सव, गोल्डन एरो अवार्ड कैंप में छाई

# नेशनल कैम्प में जीतकर लौटे मताना को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। विजेता बच्चों को सम्मानित करते मताना के सरपंच दलबीर वर्मा व अन्य अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

नेशनल लेवल कब बुलबुल उत्सव, गोल्डन एरो अवार्ड कैंप में शानदार प्रदर्शन कर लौटे गांव मताना के विद्यार्थियों का आज गांव में जोरदार स्वागत किया गया। एक खुली जीप में सवार इन विद्यार्थियों का ग्रामीणों ने फूलमालाओं से स्वागत किया और डीजे की धुन पर पूरे गांव का चक्कर लगाया गया। गांव के राजकीय प्राथमिक पाठशाला के विद्यार्थियों ने ऑल इंडिया लेवल पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम व द्वितीय स्थान हासिल किया। इन विद्यार्थियों व इन्हें तैयारी करवाने में अहम योगदान देने पर प्राइमरी इंचार्ज सुनीता रानी को ग्राम पंचायत द्वारा सरपंच दलबीर वर्मा एडवोकेट की अगुवाई में विशेष तौर पर सम्मानित किया गया। जीतकर लौटे विद्यार्थियों में चौथी कक्षा से संध्या पुत्री राजेश शास्त्री, पांचवीं से राधिका पुत्री महेन्द्र, दिव्या पुत्री अजय व कल्पना पुत्री राम सिंह शामिल हैं बता दें कि भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के तत्वावधान में गदपुरी, पलवल स्थित राष्ट्रीय युवा परिसर में यह कैम्प आयोजित किया गया था, जिसमें देशभर के 12 राज्यों के 200 कब और बुलबुल ने भाग लिया और सात प्रकार की गतिविधियां कराई गई। इस कैम्प में फतेहाबाद जिले से भी काफी विद्यार्थी शामिल हुए थे, इनमें राजकीय प्राथमिक पाठशाला मताना की 4 छात्राएं भी शामिल थी। इन छात्राओं ने कैम्प में शानदार प्रदर्शन करते हुए गुरप डांस और स्टोरी टेलिंग में जहां पहला स्थान हासिल किया वहीं एग्जीबिजन और फॉक सोंग में द्वितीय स्थान पर रहे। सरपंच दलबीर वर्मा ने इन विद्यार्थियों को स्वागत करते हुए बताया कि गांव के सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में आज इन विद्यार्थियों के सम्मान में ग्राम पंचायत और शहीद भगत सिंह युवा संगठन द्वारा विशेष समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में इन मेधावी विद्यार्थियों के अलावा इन्हें तैयारी करने वाले शिक्षक-शिक्षकाओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर गांव बीघड़ स्कूल के प्राचार्य एवं जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) रामचंद्र वर्मा ने भाग लिया। उनके साथ एसएमसी कमेटी के ट्रेनर नरसीराम, स्कूल प्राचार्या सरिता गेरा, प्राइमरी इंचार्ज सुनीता रानी के अलावा ग्राम पंचायत व शहीद भगत सिंह युवा संगठन के सदस्य भी मौजूद रहे।